# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL P.G. COLLEGE

Station Road, Charbagh, Lucknow – 226001 (INDIA)

# DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE

**Shri. Rakesh Chandra**
Head & Associate Pofessor
Department of Political Science
**E-mail :** rakeshchandra14@gmail.com
**Phone:** 9415516910
**Date:** 29-11-2022

## रिपोर्ट

आदरणीय अध्यक्ष बी0एस0एन0वी0 इंस्टिट्यूट के निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 26 नवंबर 2022 को राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा संविधान दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ए पी सेन गर्ल्स पीजी कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना की गायन से हुआ, सरस्वती वंदना का गायन विभाग के सहायक आचार्य डॉ रिचा तिवारी तथा डॉक्टर मनीषी त्रिवेदी के द्वारा किया गया, इसके पश्चात विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राकेश चंद्र जी ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, संस्कृत विभाग की प्रोफेसर अनिता ओझा ने राकेश चंद्र जी को पुष्प गुच्छ दिया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में राकेश चंद्रा जी ने मुख्य अतिथि का औपचारिक परिचय दिया तथा व्याख्यान के विषय पर प्रकाश डाला, इसके पश्चात मुख्य अतिथि का व्याख्यान हुआ।

मुख्य अतिथि ने भारतीय संविधान की मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को संविधान के भाग में दिए मौलिक कर्तव्य को आत्मसात करने का संदेश दिया साथ ही नव युवकों को भारतीय संविधान का उद्देश्य स्वतंत्रता एसमानता भातृत्व और न्याय के पथ पर चलने की जिम्मेदारी का बोध कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रमेश धर द्विवेदी जी द्वारा विभाग को संविधान दिवस आयोजित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा छात्रों को संविधान में आस्था और विश्वास रखने की सीख दी गई। विभाग के प्राध्यापक डॉ विपिन सिंह तथा एम० ए० के छात्र.छात्राओं ने भी भारतीय संविधान पर विचार रखें कार्यक्रम का संचालन डॉ स्नेह प्रताप सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ ऋचा सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अन्य विभाग के सम्मानित विभागाध्यक्ष प्राध्यापक गण एवं छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया कार्यक्रम के अंत में सभागार में सभी ने राष्ट्रगान का गायन किया।


DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE
LUCKNOW


DEPARTMENT OF POLITICAL SCIENCE
S.N.V. P.G. COLLEGE CHARBAGH , LUCKNOW
Lecture on
ONSTITUTION DAY
26 NOVEMBER






(Head)
Department of Political Science